पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1

सेक्टर 30 गांधीनगर

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO 1

SECTOR 30 GANDHINAGAR

समाचार पत्र

रूपाभ

जुलाई २०२३ -२४

"तुम वो कर सकते हो जो मैं नहीं कर सकता, मैं वह कर सकता हूं जो तुम नहीं कर सकते। साथ मिलकर हम महान कार्य कर सकते हैं ।"

<u>संदेश।</u>

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर १ सेक्टर ३० गांधीनगर सत्र २०२३-२४ के लिए वृत्तपत्र प्रथम तिमाही रुपाभ प्रकाशन कर रहा है।यह वृत्तपत्र बच्चों की रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। वृत्तपत्र के अनवरत प्रकाशन से विद्यार्थियों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने का सुअवसर मिलता है। मुझे विश्वास है कि आपका वृत्तपत्र रुपाभ विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मक एवम भीतरी कौशल को उजागर करने का उचित अवसर प्रदान करेगा।

श्रुति भार्गव
आयुक्त महोदया
अहमदाबाद संभाग

<u>संदेश।</u>

सृजन की शक्ति होती है विध्वंस से बड़ी। आशा और उम्मीदों से भरी। शक्ति का नवरूप देकर, उसे उपयोगी बनाती। कल्पना को पर देकर,नव चेतना जगाती। सृष्टि के निर्माण में सृष्टि के विकास में, अपनी अहम भूमिका निभाती। सृजन कार्य एक उपासना है।बाल सुलभ मन की कल्पनाशक्ति एवम रचनात्मक क्षमता की बात ही निराली है ।प्राथमिक विभाग की ओर से प्रकाशित सत्र २०२३- २४ के प्रथम वृत्तपत्र रुपाभ का प्रकाशन बालक मन की सृजन शक्ति एवम क्षमता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस वृत्तांत में बच्चों की भावनाओं एवम कल्पनाओं को शब्द बद्ध करने का भरसक प्रयास किया है जो सराहनीय है। मैं सभी तरुण रचनाकारों को शुभकामनाएं देता हूं।

आलोक कुमार तिवारी।
प्राचार्य

<u>संदेश।</u>

मुझे यह बताते हुए अति खुशी हो रही है कि पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 सेक्टर 30 गांधीनगर के सत्र 2023 -2024 के प्राथमिक विभाग के विद्यालय प्रथम तिमाही वृत्तपत्र रूपाभ के नए अंक का प्रकाशन कर रहा हूं।

विद्यालय के वृत्तपत्र रूपाभ विद्यालय की वर्ष 2023-2024 के शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं बौद्धिक गतिविधियों को अवगत कराते सभी हितेच्छुओं तक ले जाने का विशिष्ट प्रयास है। साथ ही विद्यालय के वृत्तपत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों तथा विद्यालय के सदस्यों की कलात्मक, सृजनात्मक शक्तियों का दर्पण है। इस वृत्तपत्र रूपाभ के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी सुषुप्त शक्तियों को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो।

मैं विद्यालय के वृत्तपत्र रूपाभ के संस्करण को फलीभूत बनाने हेतु विद्यालय के सभी साथियों, विद्यार्थियों के अदम्य प्रयासों एवं सृजनात्मक और रचनात्मक सहयोग प्रदान करने वाले सभी सहयोगियों का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं।

श्री लालजीभाई वाघेला
प्रधानाध्यापक

ज्योत से

ज्योत जले .....

सही बातें पढ़ने की आदत हो तो सही बातें करने की आदत अपनेआप बन जाती है।

प्ले-वे विधि छोटे बच्चों में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ाने में मदद करने का सबसे अच्छा तरीका है।

नन्ही कलम से ..

आगे बढ़ना है.....

फूलों भरी राहों के लिए,
कांटों पर भी चलना होगा।
अगर आगे बढ़ना है तो,
तूफानों से भीड़ना होगा।
मंजिलों को पाने के लिए,
हर मुश्किलों का सामना करना होगा।
ख्वाबों को सजाने के लिए खतरों से भी लड़ना होगा।
लहरें काट सकती नहीं, रास्ता मेरा,
डूबती कश्ती से ही समंदर पार करना होगा।
माना यह सफर है बड़ा मुश्किल,
मुस्कुराते हुए उन राहों से मुझे तो गुजरना होगा।
चट्टानें होती हैं, हर मोड़ पर खड़ी,
तोड़कर राहें तैयार करना होगा।
मंजिलों को पाने के लिए,
हर मुश्किलों का सामना करना होगा।

आगे बढ़ना होगा .....

कक्षा: तीसरी (स)
प्रांजल पटेल

॥ बारिश आयी ॥

आसमान पर छाये बादल,
चारों ओर गूंजे संगीत के मीठे बोल ।।

बारिश आयी, बचपन की यादें लायीं,
दिल को हर पल नयी उम्मीदें दिखाई ॥

मस्ती भरी बारिश में, छाता करता टप-टप-टप,
नाचा मोर पंख फैला के झप-झप झप।
सारे बच्चे करते छप - छप - छप ॥

हम बच्चों के मन को भाया।
बारिश ने हमको बहुत भिगाया ।।

भूमि अग्रवाल
कक्षा - पाँचवी "ब"

2024/1/20 12:34

2023/11/25 10:10

केन्द्रीय विद्यालय क्र.-1.
सेक्टर-30, गांधीनगर
संविधान दिवस
2023/11/25 10:10

तैयार रहो

2023/11/25 10:10

2023/11/25 10:10

वृक्षारोपण

निपुण गतिविधियाँ